चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1473
दिनांक : 18/8/23

अतिमहत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : एलएल0एम0 अन्तिम सेमेस्टर जून–2023 के लघुशोध ग्रन्थ विश्वविद्यालय में तत्काल जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1213, दिनांक 26.07.2023 द्वारा सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय का **35वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 05 अक्टूबर, 2023** को नियत है।

छात्र/छात्राओं की श्रेष्ठता सूची समय से जारी किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदया द्वारा यह निदेश प्रदान किये गये थे कि समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम प्रत्येक दशा में 20 अगस्त 2023 तक घोषित कर दिये जाय। तत्पश्चात् सभी पाठ्यक्रमों की श्रेष्ठता सूची जारी कर दी जाय और ससमय आपत्तियों का निस्तारण कर लिया जाय।

उल्लेखनीय है कि अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने छात्र/छात्राओं के एलएल0एम0 अन्तिम सेमेस्टर जून–2023 के लघुशोध ग्रन्थ विश्वविद्यालय में अभी तक जमा नहीं किये गये हैं जिसके कारण 20 अगस्त 2023 तक उक्त पाठ्यक्रम का परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

मा0 कुलपति महोदया के निर्देशानुसार ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक जिनके द्वारा अपने छात्र/छात्राओं के **एलएल0एम0 अन्तिम सेमेस्टर जून–2023 के लघुशोध ग्रन्थ** विश्वविद्यालय में अभी तक जमा नहीं किये गये हैं, 05 दिवसों में गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि उक्त लघुशोध ग्रन्थों का मूल्यांकन कराकर परीक्षाफल घोषित किया जा सके और श्रेष्ठता सूची समय से जारी की जा सके। यदि लघुशोध ग्रन्थों के अंकों के अभाव में किसी छात्र/छात्रा का एलएल0एम0 पाठ्यक्रम का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो पाता है और छात्र/छात्रा का नाम श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को होगा।

18.8.2023
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1037